सिद्धिरनेकान्तात्

तुळजाराम चतुरचंद महाविद्यालय, बारामती

Anekant Education Society's

# Tuljaram Chaturchand College, Baramati

## Department of Hindi

(Faculty of Arts)

# Minutes of Board of Studies Meeting

**(Academic Year: 2023-2024)**

**Date of Meeting: 09/06/2023**

**Venue: Department of Hindi Offline &Online**

---

June, 2023

TULJARAM CHATURCHAND COLLEGE BARAMATI 413 102 PUNE

Scanned by CamScanner

Anekant Education Society's

# Tuljaram Chaturchand College, Baramati

*(Autonomous)*

# Department of Hindi

## AGENDA OF THE MEETING

## * कार्यसूची *

1. 10 अप्रैल, 2023 पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।
2. नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार प्रथम वर्ष UG & PG (सेमीस्टर- I और II) के लिए संरचना तैयार करना।
3. शैक्षणिक वर्ष 2023-2024 से FYBA (सेमीस्टर- I) के लिए NEP 2020 के अनुसार पाठ्यक्रम को डिजाइन और अनुमोदित करना।
4. शैक्षणिक वर्ष 2023-2024 से M.A. भाग- I (सेमीस्टर- I)के लिए NEP 2020 के अनुसार पाठ्यक्रम को डिजाइन और अनुमोदित करना ।
5. 2022 पैटर्न के अनुसार दूसरे और तीसरे वर्ष के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर MOOCs, SWAYAM आदि से कम से कम 3 सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम शुरू करना।
6. पाठ्यक्रम में हितधारकों (छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों, पूर्व छात्रों और नियोक्ताओं) की प्रासंगिक प्रतिक्रियाओं पर चर्चा करना और उन्हें शामिल करना।
7. अध्यक्ष की अनुमति से कोई अन्य मुद्दों पर चर्चा करना ।

TULJARAM CHATURCHAND COLLEGE BARAMATI 413 102 PUNE



Scanned by CamScanner

# List of Members Presented for the BOS Meeting

The following internal and external BOS members were attended the meeting through online/offline mode.

| अ.क्र. | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. प्रदीप सरवदे | अध्यक्ष एवं विभाग प्रमुख |
| 2. | डॉ. प्रतिभा जावले | सदस्य |
| 3. | डॉ. नितिन धवडे | अन्य विश्वविद्यालय प्रतिनिधि |
| 4. | डॉ. अपर्णा कुचेकर | अन्य विश्वविद्यालय प्रतिनिधि |
| 5. | डॉ. राजेंद्र श्रीवास्तव | प्रोद्योगिकी प्रतिनिधि |
| 6. | डॉ. मनोहर जमदाडे | भूतपूर्व छात्र प्रतिनिधि |
| 7. | डॉ. राजेंद्र खैरनार | निमंत्रित प्रतिनिधि |
| 8. | कु. पूजा अदागले | छात्र प्रतिनिधि |

TULJARAM CHATURCHAND COLLEGE BARAMATI 413 102 PUNE



Scanned by CamScanner

# MINUTES OF THE MEETING

तु. च. महाविद्यालय, बारामती के हिंदी विभाग द्वारा दिनांक 06/06/2023 को दी गई सूचना के अनुसार हिंदी अध्ययन मंडल की बैठक दिनांक 9 जून, 2023 को सुबह 11:00 बजे के हिंदी विभाग में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक कॉलेज द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से सम्पन्न हुई। हिंदी अध्ययन मंडल के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप सरवदे जी के मार्गदर्शन में बैठक की शुरुआत सभी सम्मानित सदस्यों के स्वागत से हुई। इसके बाद बैठक के उद्देश्यों का संक्षिप्त परिचय दिया गया |

बैठक के दौरान परिचालित कार्यवृत्त में उल्लिखित मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। हमें आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हिंदी अध्ययन मंडल बैठक के दौरान निम्नलिखित संकल्प किए गए :-

**1. पिछले हिंदी अध्ययन मंडल की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि करना :-**

इस सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप सरवदे जी ने पिछली बैठक दि. 10 अप्रैल, 2023 की सभा के कार्यवृत्त को पढ़ा, जिसे सभी सदस्यों ने पुष्टि देकर अनुमोदित किया ।

**संकल्प नं. 1)** सभी सम्मानित सदस्यों द्वारा पिछले हिंदी अध्ययन मंडल की बैठक के कार्यवृत्त को पुष्टि देकर अनुमोदित किया ।

**2. एनईपी 2020 के अनुसार यूजी और पीजी (सेम- I और II) के प्रथम वर्ष की पाठ्यक्रम संरचना पर विचार करना और उसे अनुमोदित करना :-**

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के दिशानिर्देशों के अनुसार सभी सदस्यों ने यूजी और पीजी (सेम- I) के प्रथम वर्ष की की पाठ्यक्रम संरचना पर चर्चा की। एनईपी 2020 क्रेडिट संरचना दिशानिर्देशों के अनुसार सदस्यों द्वारा दिए गए बहुमूल्य सुझावों को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम संरचना में आवश्यक परिवर्तन किए गए। सावधानीपूर्वक विचार और गहन चर्चा के बाद, एनईपी 2020 के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए अंतिम पाठ्यक्रम संरचना निर्धारित की गई है।

**संकल्प नं. 2)** एनईपी 2020 के अनुसार यूजी और पीजी (सेम- I ) के प्रथम वर्ष की पाठ्यक्रम संरचना पर गहन चर्चा के बाद उसे अनुमोदित किया ।

**3. शैक्षणिक वर्ष 2023-2024 से FYBA (सेमीस्टर- I) के लिए NEP 2020 के अनुसार पाठ्यक्रम को डिजाइन और अनुमोदित करना :-**

शैक्षणिक वर्ष 2023-2024 में कार्यान्वयन के लिए अध्ययन मंडल ने FYBA सेमीस्टर-I के पाठ्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के दिशानिर्देशों के साथ संरेखित करते हुए सावधानीपूर्वक और विचार-विमर्श कर बनाया गया । चर्चा के दौरान, अध्ययन मंडल के सदस्यों द्वारा कुछ मौलिक सुझाव दिए गए। पाठ्यक्रम में वर्तमान समय की मांग को ध्यान केंद्रित करते हुए छात्रों को प्रात्यक्षिक मिलने की दृष्टि से कुछ नए विषयों



TULJARAM CHATURCHAND COLLEGE BARAMATI 413 102 PUNE

Scanned by CamScanner

को शामिल करने की सिफारिश की गई । इसके अलावा 4- क्रेडिट और 2- क्रेडिट के लिए अलग-अलग विषयों के पाठ्यक्रमों का निर्माण किया गया, जिसमें छात्रों की रचनात्मकता की दृष्टि से विशेष ध्यान रखा गया, जिसे सभी सदस्यों द्वारा स्वीकृत किया गया।

**Course Structure For F.Y.B.A., Sem-1 (NEP 2023 Pattern)**

| Class | Pattern | Semester | Course Code | Course Title | No. of Credits |
|---|---|---|---|---|---|
| F.Y.B.A. | 2023 | I | HIN -101-MJM | आधुनिक हिंदी कहानी साहित्य | 04 |
| F.Y.B.A. | 2023 | I | HIN -102-MJM | प्रयोजनमूलक हिंदी | 02 |
| F.Y.B.A. | 2023 | I | HIN -116-OE | हिंदी साहित्य और सिनेमा | 02 |
| F.Y.B.A. | 2023 | I | HIN -117-OE | लघु फिल्म : लेखन और निर्माण | 02 |
| F.Y.B.A. | 2023 | I | HIN -121-VSC | निवेदन कौशल : स्वरूप और सिद्धांत | 02 |
| F.Y.B.A. | 2023 | I | HIN -126-SEC | अनुवाद: स्वरूप और सिद्धांत | 02 |
| F.Y.B.A. | 2023 | I | HIN -135-VEC | साहित्य और मानवतावाद | 02 |
| F.Y.B.A. | 2023 | I | HIN -137-IKS | संत कबीर : साहित्यिक परिचय | 02 |

**संकल्प नं. 3)** शैक्षणिक वर्ष 2023-2024 से FYBA (सेमीस्टर- I) के लिए NEP 2020 के अनुसार पाठ्यक्रम को डिजाइन करके अनुमोदित किया।

**4. शैक्षणिक वर्ष 2023-2024 से M.A. भाग- I (सेमीस्टर- I)के लिए NEP 2020 के अनुसार पाठ्यक्रम को डिजाइन और अनुमोदित करना :-**

शैक्षणिक वर्ष 2023-2024 में लागू करने के लिएअध्ययन मंडलने M.A.भाग-1, सेमीस्टर-1के पाठ्यक्रम पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप को विचार-विमर्श किया गया। चर्चा के दौरान, अध्ययन मंडलके सदस्यों द्वारा कुछ बदलावों का सुझाव दिया गया। अध्ययन मंडलने M.A.भाग- I, सेमीस्टर- Iके पाठ्यक्रम पर गहन चर्चा की और पाठ्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। 4-क्रेडिट पाठ्यक्रमों के लिए चार इकाइयों के साथ, 2-क्रेडिट के पाठ्यक्रमों के लिए कुल तीन इकाइयों की संख्या बनाने का निर्णय लिया गया। अंत में, यह सहमति हुई कि संशोधित पाठ्यक्रम अनुमोदन के लिए कॉलेज की अकादमिक परिषद को प्रस्तुत किया जाएगा।सभी सदस्यों द्वाराविचार किया गया और इसे स्वीकृत किया गया।

**Course Structure For M.A.-I, Sem.1 (NEP 2023 Pattern)**

| Class | Pattern | Semester | Course Code | Course Title | No.Of Credits |
|---|---|---|---|---|---|
| M.A.-I | 2023 | I | HIN -501-MJM | प्राचीन तथा मध्ययुगीन काव्य (अमीर खुसरो और रहीम) | 04 |
| M.A.-I | 2023 | I | HIN -502-MJM | आधुनिक हिंदी कथा साहित्य (उपन्यास और कहानी) | 04 |
| M.A.-I | 2023 | I | HIN -503-MJM | भारतीय साहित्यशास्त्र | 04 |

TULJARAM CHATURCHAND COLLEGE BARAMATI 413 102 PUNE



Scanned by CamScanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| M.A.-I | 2023 | I | HIN -504-MJM | अनुवाद: स्वरूप और सिद्धांत | 02 |
| M.A.-I | 2023 | I | HIN -511-MJE | विशेष साहित्यकार : कबीर | 04 |
| M.A.-I | 2023 | I | HIN -521-RM | अनुसंधान प्राविधि | 04 |

**संकल्प नं. 4)** शैक्षणिक वर्ष 2023-2024 से M.A. भाग- I (सेमीस्टर- I)के लिए NEP 2020 के अनुसार पाठ्यक्रम को डिजाइन करके अनुमोदित किया।

**5. 2022 पैटर्न के अनुसार एस.वाई.बी.ए और टी.वाई.बी.ए के लिए SWAYAM, MOOCS से प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम शुरू करना :-**

कॉलेज के आई.क्यू.ए.सी. द्वारा प्रदान किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार. अध्ययन मंडल ने हिंदी विषय से संबंधित SYBA और TYBA के छात्रों के लिए उनकी प्रयोज्यता और उपयोगिता पर विचार करते हुए प्रत्येक पहचाने गए SWAYAM और MOOC पर चलाये जाने वाले पाठ्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा कर उनमें से कुछ पाठ्यक्रमों को मंजूरी दे दी गई और यह निर्धारित किया गया कि उन पाठ्यक्रमों को IQAC के आधार पर प्रस्तुत किया जाएगा।

**संकल्प नं. 5)** 2022 पैटर्न के अनुसार एस.वाई.बी.ए और टी.वाई.बी.ए के लिए SWAYAM. MOOCS से प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम को मंजूरी दे दी गई।

**6. पाठ्यक्रम में हितधारकों (छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों, पूर्व छात्रों और नियोक्ताओं) की प्रासंगिक प्रतिक्रियाओं पर चर्चा करना और उन्हें शामिल करना :-**

अध्यक्ष ने पाठ्यक्रम निर्माण प्रक्रिया में पूर्व छात्रों और वर्तमान छात्रों दोनों से प्रतिक्रिया शामिल करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए चर्चा की शुरुआत की और पूर्व छात्रों द्वारा दिए गए फीडबैक और सुझावों पर विचार कर उनका समावेश किया गया ।

**संकल्प नं. 6 -** पाठ्यक्रम के संदर्भ में हितधारकों की प्रासंगिक प्रतिक्रियाओं पर चर्चा करके उन्हें पाठ्यक्रम में शामिल करने पर सभी सदस्यों ने अनुमोदन दिया ।

**7. अध्यक्ष की सहमति से कोई अन्य विषयों पर चर्चा :-**

अध्यक्ष की अनुमति से कोई अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई ।

अध्ययन मंडल की इस सभा में सभी विद्वतजनों ने छात्रों को केंद्र में रखकर अपने मौलिक सुझाव दिए। इस तरह नए पाठ्यक्रमों को बनाने में अध्ययन मंडल के सभी सदस्यों ने अपना मौलिक योगदान देकर सभा को संपन्न बनाया । अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा संपन्न हुई।

**डॉ. प्रदीप सरवदे**
(अध्यक्ष, हिंदी अध्ययन मंडल)
अध्यक्ष, स्नातक एवं स्नातकोत्तर हिंदी विभाग,
तुळजाराम चतुरचंद महाविद्यालय,
बारामती, जि.पुणे(413102)

**डॉ. योगिनी मुळे**
(IQAC समन्वयक)
Coordinator
Internal Quality Assurance Cell
Tuljaram Chaturchand College of
Arts, Science and Commerce,
Baramati (Pune)-413102

प्रधानाचार्य
Principal
Tuljaram Chaturchand College
Baramati

TULJARAM CHATURCHAND COLLEGE BARAMATI

Scanned by CamScanner

# Online Attendance of the BOS Members







TULJARAM CHATURCHAND COLLEGE
BARAMATI
413 102
PUNE

Scanned by CamScanner